दिनांक 25.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जारी की नोटिस

भिलाईनगर/ प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत स्वीकृत भागीदारी में किफायती आवास घटक के अंतर्गत स्वीकृत 444 नग बहुमंजिला आवास निर्माण हेतु मेसर्स बी0एस0बी0के0 प्रा0लिमिटेड को 21.02.2017 को कार्यादेश दिया था जिसकी समय सीमा 18 माह निर्धारित थी किन्तु उनके द्वारा अब तक यह कार्य पूर्ण न कर 6 माह की समयावृद्धि की मांग की गई थी किन्तु समय दिये जाने के बाद भी कार्य अपूर्ण है जिस पर सक्त नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त महोदय ने कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना को संबंधित के खिलाफ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया , और 7 दिवस के भीतर कार्य में प्रगति न लाये जाने पर अनुबंध की शर्तों के अधीन ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।